
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 06 जून

1. **अंतर्राष्ट्रीय रेलवे समपार जागरूकता दिवस–** 'ठहरिये, देखिये, सुनिये फिर जाइये।' यह दिवस रेलवे फाटक पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों को बताने के लिये 'इंटरनेशनल लेवल क्रॉसिंग अवेयरनेस डे' मनाया जाता है। पैदल या गाड़ी से रेलवे लाइन को कहीं पार न करें। बिना चौकीदार वाले रेलवे क्रॉसिंग को पार करने के पहले रुकें और दोनों ओर देखें और आवाज सुनें की कोई ट्रेन तो नहीं आ रही है। इसके बाद ही रेलवे लाइन पार करें। 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी।'
   - **संदर्भः** वर्ग 8, इतिहास की पुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग–3', अध्याय 7,** के अंत में दिये गये विज्ञापन से जोड़कर चर्चा करें।

2. **ए. ओ. ह्यूम का जन्म–** एलेन ऑक्टोवियन ह्यूम का जन्म 6 जून, 1829 ई. को इंग्लैंड में हुआ था। ये एक अंग्रेज अधिकारी थे। 1856 ई. में इटावा (उत्तर प्रदेश) के कलेक्टर बने। अवकाश प्राप्ति के बाद इन्होंने 1885 ई. में 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' की स्थापना बम्बई में किया। वे 1906 तक कांग्रेस का महामंत्री बने रहे। इन्होंने 1859 ई. में 'लोकमित्र' नामक समाचार पत्र निकाला।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, इतिहास की पुस्तक **अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 12, 'राष्ट्रीय आन्दोलन 1885–1947'** से जोड़कर चर्चा करें।

3. **बिम्स्टेक का गठन–** बिम्स्टेक (BIMSTEC) अर्थात् 'बंगाल की खाडी बहु–क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम', का गठन 6 जून, 1997ई. को हुआ था। यह बंगाल की खाडी से सटे या समीपवर्ती सात देशों– भारत, बांग्लादेश, बर्मा, श्री लंका, थाइलैण्ड, भूटान और नेपाल का संगठन है। इस संगठन का उद्देश्य तीव्र आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देना और साझा हितों के मुद्दों पर समन्वय स्थापित करने के लिए सदस्य देशों के बीच सकारात्मक वातावरण बनाना है।

4. **आलमगीर द्वितीय का जन्म–** 16वाँ मुगल बादशाह जिसने 3 जून, 1754ई. से 11 दिसम्बर, 1759 ई. तक राज किया, अज़ीज़–उद्दीन आलमगीर द्वितीय का जन्म 6 जून 1699ई. को हुआ था। इसके पिता का नाम जहांदार शाह था। वह एक कमजोर शासक सिद्ध हुआ। इसके शासनकाल में अहमद शाह अब्दाली ने भारत पर चौथी बार आक्रमण (1756 ई.) दिल्ली को लूटा। बादशाह आलमगीर द्वितीय बंगाल में मुगलों का कब्जा बनाए रखने में विफल रहा था। इसी तरह भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की नींव पड़ती चली गई और वह कुछ नहीं कर सका।
   - **संदर्भः** वर्ग 7, इतिहास की पुस्तक **अतीत से वर्तमान भाग 2, अध्याय 4,** 'मुगल साम्राज्य से जोड़कर चर्चा करें।

T h u r s d a y

# दिवस विशेष

6 जून

मधु प्रिया

## बिम्सटेक का गठन 6 जून


BIMSTEC

यह एक क्षेत्रीय बहुपक्षीय संगठन है तथा बंगाल की खाड़ी के तटवर्ती और समीपवर्ती क्षेत्रों में स्थित इसके सदस्य हैं जो क्षेत्रीय एकता का प्रतीक हैं। इसके 7 सदस्यों में से 5 दक्षिण,एशिया से हैं,जिनमें बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल और श्रीलंका शामिल हैं तथा दो- म्याँमार और थाईलैंड दक्षिण-पूर्व एशिया से हैं। बिम्सटेक न सिर्फ दक्षिण और दक्षिण पूर्व-एशिया के बीच संपर्क बनाता है। बल्कि हिमालय तथा बंगाल की खाड़ी की पारिस्थितिकी को भी जोड़ता है।

इसके मुख्य उद्देश्य तीव्र आर्थिक विकास हेतु वातावरण तैयार करना,सामाजिक प्रगति में तेज़ी लाना और क्षेत्र में सामान्य हित के मामलों पर सहयोग को बढ़ावा देना है। यह उप-क्षेत्रीय संगठन वर्ष 1997 में बैंकॉक घोषणा के माध्यम से अस्तित्व में आया। प्रारंभ में इसका गठन चार सदस्य राष्ट्रों के साथ किया गया था, जिनकासंक्षिप्**BIST-EC'** (बांग्लादेश, भारत,श्रीलंका और थाईलैंड आर्थिक सहयोग)था। वर्ष 1997 में म्याँमार के शामिल होने के बाद इसका नाम बदलकर **'BIMST-EC'** कर दिया गया। वर्ष 2004 में नेपाल और भूटान के इसमें शामिल होने के बाद संगठन का नाम बदलकर बे ऑफ़ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन कर दिया गया। बिम्सटेक का उद्देश्य क्षेत्र में तीव्र आर्थिक विकास हेतु वातावरण तैयार करना। सहयोग और समानता की भावना विकसित करना। सदस्य राष्ट्रों के साझा हितों के क्षेत्रों में सक्रिय सहयोग और पारस्परिक सहायता को बढ़ावा देना। शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में एक-दूसरे पूर्ण सहयोग। बिम्सटेक समान संप्रभुता क्षेत्रीयअखंडता राजनीतिक स्वतंत्रता आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना शांतिपूर्ण,सह-अस्तित्व,पारस्परिक लाभ सदस्य देशों के मध्य अन्य द्विपक्षीय,क्षेत्रीय और बहुपक्षीय सहयोग को प्रतिस्थापित करने के बजाय अन्य विकल्प प्रदान करना।

# जयंती विशेष 06 जून

राकेश कुमार




**सुनील दत्त** *Sunil Dutt*, जन्म- 6 जून, 1929 गाँव खुर्दी, पंजाब (पाकिस्तान); मृत्यु- 25 मई, 2005, मुंबई) भारतीय सिनेमा में एक ऐसे अभिनेता थे जिनको पर्दे पर देख एक आम हिन्दुस्तानी अपनी ज़िंदगी की झलक देखता था। सुनील दत्त 2004-05 के दौरान भारत सरकार में युवा मामलों और खेल विभाग में कैबिनेट मंत्री भी रहे। सुनील दत्त का वास्तविक नाम **बलराज रघुनाथ दत्त** था।

# वट सावित्री पूजा 06 जून विशेष

राकेश कुमार




**वट सावित्री व्रत** Vat Savitri Vrat) ज्येष्ठ मास में बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या और पूर्णिमा तिथि के दिन रखा जाता है। स्कंधपुराण एवं भविष्यपुराण के अनुसार, वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन रखा जाता है; लेकिन भारत के कई क्षेत्रों में यह व्रत ज्येष्ठ माह में ही अमावस्या के दिन भी रखा जाता है। इन दोनों दिनों में सिर्फ तिथि का फर्क है, पूजा-विधि व महत्व एक समान हैं। पूर्णिमानता पंचांग के अनुसार वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि के दिन रखा जाता है और अमानता पंचांग के अनुसार यह व्रत पूर्णिमा तिथि के दिन रखा जाता है।


राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 06.06.2024

## परामर्श मनोविज्ञान

परामर्श मनोविज्ञान या उपबोधन मनोविज्ञान (Counseling psychology) एक मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञता है जो परामर्श प्रक्रिया एवं परिणाम; पर्यवेक्षण एवं प्रशिक्षण; जीवन विकास एवं परामर्श तथा निवारण एवं स्वास्थ्य जैसे विभिन्न व्यापक क्षेत्र और शोध में प्रयुक्त की जाती है।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
इंदौर ने आज दो रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए, इंदौर से बीजेपी उम्मीदवार शंकर लालवानी 10 लाख वोट से जित गए है वही दूसरे नंबर पर कोई उम्मीदवार नहीं बल्कि NOTA है जिसे 1 लाख वोट मिले है।
www.teachersofbihar.org

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## अष्टांग योग परिवार

**यम**- अहिंसा, झूठ न बोलना, लालच न करना, अपशब्द न बोलना, विषयों से आसक्त न होना ये पांच यम हैं।

**नियम**- स्वच्छता, सन्तुष्टि, तपस्या, अध्ययन, भगवान को आत्मसमर्पण ये पांच नियम हैं।

**आसन**- 'स्थिरं सुखं आसनम्' अर्थात स्थिर और सुखपूर्वक बैठने की क्रिया ही आसन है।

**प्राणायाम**- अपनी सांसों को नियमित करने की क्रिया ही प्राणायाम है।

**प्रत्याहार**- बाहर की चीजों से मन को हटाना।

**धारणा**- एक ही लक्ष्य पर ध्यान लगाना।

**ध्यान**- ध्यान जिस पर केन्द्रित है, उसका चिंतन।


**समाधि**- ध्यान को चैतन्य में विलय करना।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले अंग्रेज़ राजनीतिज्ञ , भारत के  राजनीतिक दल 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के संस्थापक

# ए. ओ. ह्यूम

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म-6 जून 1829 - मृत्यु- 31 जुलाई 1912



www.teqchersofbihar.org


Madhu priya

एक भारतीय लेखक,
पर्यावरणविद और
परोपकारी

# भगत पूरन सिंह

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 4 जून 1904 - मृत्यु- 5 अगस्त 1992



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

06 जून 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सम्पूर्ण इंसान जाति में भेद नहीं करता ।

**रामधारी सिंह दिनकर**



राकेश कुमार